देश की लोकप्रिय मासिक हिन्दी खेल पत्रिका
शानदार 32वां वर्ष

# नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स

सितंबर-2025, अंक-3
न्यूज़ मैग्ज़ीन
मूल्य ₹ 25

इंदौर में हुआ विश्व कप ट्रॉफी का भव्य स्वागत, यहां होंगे 5 मुकाबले

## मेजबान भारतीय महिला क्रिकेट टीम खिताब की सबसे बड़ी दावेदार




### हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में टीम इंडिया कड़े अभ्यास में जुटी



### एशिया कप की सबसे कामयाब टीम भारत रिकॉर्ड में एक और टाइटल जोड़ने को तैयार

### चेतेश्वर पुजारा का अचानक संन्यास

### 2036 ओलंपिक के दावे के साथ भारत अब राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी का दावेदार

### शतरंज की महाशक्ति बनने की ओर भारत



सात्विक और चिराग विश्व स्पर्धा में दोबारा पदक जीतने वाली पहली भारतीय जोड़ी

आरएनआई नंबरः 69917/96 डाक पंजीयन म.प्र. / भोपाल / 607 / 2024-26 / 1 तारीख को प्रकाशित / डाक पोस्टिंग 5 तारीख
Email: nationalsportstimes@yahoo.com, nationalsportstimes@gmail.com Website: nationalsportstimes.org

पंजीयन संख्या (आरएनआई): 69917/94, डाक पंजी. न. मप्र/भोपाल/607/2024-26

■ वर्ष-32 ■ अंक-3 ■ क्रमांक-300 ■ सितंबर-2025 ■ मूल्य-25 रूपये


## संपादकीय मंडल

| | | |
|---|---|---|
| प्रधान संपादक | : | इन्द्रजीत मौर्य |
| कार्यकारी संपादक | : | सुरेश कुमार |
| प्रबंधक | : | मयूरी मौर्य |
| विज्ञापन प्रबंधक | : | अजय मौर्य |
| विज्ञापन सहायक | : | रामेश्वर भार्गव |
| डिजाइनिंग | : | सुरेन्द्र डहारे |
| फोटो जर्नलिस्ट | : | मनीष शुक्ला |
| कार्टूनिस्ट | : | वीरेंद्र कुमार ओगले |

## सलाहकार संपादक

- अरुणेश्वर सिंहदेव
- अरुण भगोलीवाल
- आशीष पाण्डे
- शांति कुमार जैन
- समीर मिरीकर
- सुशील सिंह ठाकुर
- राजीव सक्सेना
- शंकर मूर्ति

## विशेष संवाददाता / समीक्षक

हरेंद्र नागेश साहू, हरीश हर्ष, चरनपालसिंह सोबती, वीरेन्द्र शुक्ल, सरिता अरगरे, मोहन द्विवेदी, मोहम्मद ईशाउद्दीन, धर्मेश यशलाहा, दामोदर आर्य, डॉ. मुनीष राणा, प्रशांत सेंगर, सुदेश सांगते, डॉ. प्रशांत मिश्रा, विजय रांगणेकर, अनुराग मिश्रा, अमरनाथ, मो. अफरोज, दीपक शर्मा, आत्माराम भाटी।

## संपादकीय कार्यालय

बी-10, छत्रपति नगर, अयोध्या बायपास, भोपाल
फोन : 0755-4218892,
मोबाइलः 094250-25727, 8349994166

**पंजीयन कार्यालय :** ई-197, ओल्ड मीनाल रेसीडेंसी, जे.के. रोड, भोपाल, मप्र-462023,

E-Mail: nationalsportstimes@Yahoo.com
nationalsportstimes@gmail.com

फोटो स्रोतः इंटरनेट, सोशल मीडिया, अखबार एवं ब्यूरो कार्यालय

## ब्यूरो कार्यालय

इंदौर, उज्जैन, नागदा, देवास, सीहोर, विदिशा, रायसेन, बुरहानपुर, धार, जबलपुर, ग्वालियर, दतिया, रीवा, सतना, खण्डवा, खरगोन, शहडोल, छिंदवाड़ा, सागर, छतरपुर, होशंगाबाद, बैतूल, इटारसी, रतलाम, शिवपुरी, ललितपुर, झाँसी, नागपुर, रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, मुंबई, रत्नागिरी, कोलहापुर, पूना, जलगाँव, दिल्ली, नोएडा, हरियाणा, लुधियाना, जालंधर, मेरठ, लखनऊ, कानपुर, इलाहाबाद, गोरखपुर, मिर्जापुर, जयपुर, पटना, नैनीताल, देहरादून, कुमाऊ, गाजियाबाद, एंगुल (उड़ीसा), ऊना, शिमला, भुवनेश्वर।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक इन्द्रजीत मौर्य द्वारा सुलेख आफसेट प्लाट नं. 150, एल-5, मनोरमा काम्प्लेक्स, जोन-1, एमपी नगर, भोपाल से मुद्रित तथा ई-197, मीनाल रेसीडेंसी, जे.के. रोड, राज होम्स कॉलोनी, भोपाल से प्रकाशित। संपादक इन्द्रजीत मौर्य।


खेल पत्रिका में प्रकाशित लेखों की जिम्मेदारी लेखक की है। प्रकाशक एवं संपादक का लेखक से सहमत होना अनिवार्य नहीं है। (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल न्यायालय रहेगा।



06 एक और उड़ान

**2036 ओलंपिक के दावे को मजबूती देने भारत अब राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी का दावेदार**

## अंदर के पन्नों पर


| | |
|---|---|
| मेजर ध्यानचंद को कब मिलेगा भारत रत्न | 05 |
| एशिया कप क्रिकेट रिकार्ड | 12 |
| पुजारा ने क्रिकेट को अलविदा कहा | 14 |
| अश्विन भी आईपीएल से विदा हुए | 16 |
| नए स्टेडियम बन रहे हैं, पर... | 17 |
| लगातार टॉस जीतना भी कला | 21 |
| स्पोर्ट्स बिल | 26 |
| नीरज चोपड़ा पर फिर निगाहें | 33 |
| निशानेबाजों ने जीते रिकार्ड 103 पदक | 35 |
| शतरंज की महाशक्ति बनने की ओर भारत | 37 |
| एशिया कप रग्बी | 39 |
| फुटबॉल की बात | 42 |


# लाल किले से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की खिलाड़ियों और स्पोर्ट्स बिल की सराहना



भारत के 79वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार 12वीं बार लालकिले पर ध्वजारोहण किया। उन्होंने लालकिले की प्राचीर से देश को संबोधित करते हुए खेलकूद पर बात की। उन्होंने कहा, देश के विकास के लिए खेल का भी महत्व होता है। मुझे खुशी है कि एक जमाना था, जब बच्चे खेल में मन लगाते थे तो मां-बाप इसे पसंद नहीं करते थे। आज यह एकदम से उलट गया है। आज बच्चे खेल कूद में आगे आते हैं, रुचि लेते हैं तो मां-बाप गर्व से भर उठते हैं। मैं इसे शुभ संकेत मानता हूं। मेरे देश के परिवार के अंदर खेल को प्रोत्साहन देने का वातावरण मैं देखता हूं तो मेरा मन गर्व से भर जाता है। मैं इसे देश के भविष्य के लिए शुभ संकेत मानता हूं।

पीएम मोदी ने कहा, इस खेल को बढ़ावा देने के लिए हमने नेशनल स्पोर्ट्स पॉलिसी और कई दशकों के बाद खेलो भारत नीति को लेकर आए हैं। इससे खेल जगत के सर्वांगिण विकास का प्रयास हो। स्कूल से लेकर ओलंपिक तक हम खेल का एक पूरा ईकोसिस्टम तैयार करना चाहते हैं, जहां कोचिंग की व्यवस्था हो, फिटनेस की बात हो, खेल के मैदान हो, खेल की व्यवस्थाएं हो, खेल के लिए आवश्यक साधन हों, लघु-उद्योग को भी खेल के संसाधन बनाने में मदद की बात हो। यानि एक पूरा ईकोसिस्टम हम दूर दराज के बच्चों तक पहुंचाना चाहते हैं।

पीएम मोदी ने कहा, लेकिन साथियों जब मैं फिटनेस की बात करता हूं तो मैं एक चिंता भी आपके समक्ष रखना चाहता हूं। हमारे देश के परिवारों को भी यह चिंता करनी चाहिए। मोटापा हमारे देश के लिए बहुत बड़ा संकट बनता जा रहा है। जो जानकार लोग हैं, वो कहते हैं कि आने वाले वर्षों में हर तीन व्यक्ति में एक व्यक्ति मोटापे का शिकार होगा। हमें मोटापे से बचना है, ओबैसिटी से बचना है। उन्होंने एक छोटा सा सुझाव दिया था कि परिवार तय करे कि जब खाने का तेल घर में आएगा, 10 प्रतिशत कम ही आएगा, 10 प्रतिशत कम ही उपयोग करेंगे और मोटापे के खिलाफ लड़ाई को जीतने की दिशा में हम अपना योगदान देंगे।